दैनिक
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 183 मुरादाबाद 31 October 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## 370 हटने से जम्मू-कश्मीर में बढ़ा रोजगार, PM मोदी बोले- 2019 के बाद 30 हजार लोगों की लगी सरकारी नौकरी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए जम्मू-कश्मीर रोजगार मेले को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर में 20 अलग-अलग जगहों पर 3 हजार युवाओं को सरकार में काम करने के लिए नियुक्ति पत्र सौंपे जा रहे हैं। आज नियुक्ति पत्र पाने वाले सभी युवाओं को बहुत बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने कहा, आने वाले दिनों में दूसरे अन्य विभागों में भी 700 से ज्यादा नियुक्ति पत्र देने की तैयारी जोरों पर है। 21वीं सदी का यह दशक जम्मू-कश्मीर के इतिहास का सबसे अहम दशक है। हमें नई सोच के साथ काम करना है। जम्मू-कश्मीर अब नई व्यवस्थाओं में निरंतर विकास को आगे बढ़ा रहा है। प्रदेश में 2019 से अब तक 30,000 सरकारी पदों पर भर्ती हुई है। इनमें से करीब 20,000 नौकरियां बीते साल में दी गई हैं।

### नई संभावनाओं का लाभ उठाने का समय

नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब समय पुरानी चुनौतियों को पीछे छोड़कर नई संभावनाओं का लाभ उठाने का है। यह हमारे युवा ही हैं जो जम्मू कश्मीर में विकास की नई गाथा लिखेंगे। आज इस प्रदेश में रोजगार मेले का आयोजन बहुत विशेष है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में जिस तरह इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हो रहा है, कनेक्टिविटी बढ़ रही है, उसने टूरिज्म सेक्टर को भी मजबूत किया है।

### भ्रष्टाचार से नफरत करते हैं यहां के लोग

पीएम मोदी ने कहा कि यहां के लोगों ने हमेशा पारदर्शिता पर बल दिया है। आज जो नौजवान सरकारी सेवाओं में आ रहे हैं, उन्हें पारदर्शिता को अपनी प्राथमिकता बनाना है। उन्होंने कहा, मैं पहले जब भी जम्मू-कश्मीर के लोगों से मिलता था, उनका एक दर्द हमेशा महसूस करता था। ये दर्द था... व्यवस्थाओं में भ्रष्टाचार। जम्मू-कश्मीर के लोग भ्रष्टाचार से नफरत करते हैं।

## हर परिवार की हर महीने 27,000 रुपये की बचत कराने का वादा, गुजरात में केजरीवाल ने बताया फॉर्मूला



गुजरात में विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी ने यहां अब तक जनता से कई बड़े वादे किये हैं। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल खुद गुजरात में कई जनसभाओं में शामिल हो चुके हैं और बिजली, पानी से लेकर रोजगार तक कई अहम वादे कर चुके हैं। रविवार को अरविंद केजरीवाल ने एक जनसभा में लोगों से कहा कि अगर आम आदमी पार्टी की सरकार गुजरात में सत्ता पर काबिज होती है तो वो हर परिवार का हर महीने 27,000 रुपये का बचत करवाएगी। केजरीवाल ने इस वादे के साथ इस बचत को लेकर अपना फॉर्मूला भी लोगों के सामने रखा। केजरीवाल ने कहा, भगवंत साहब ने अभी 6 महीने में 20 हजार सरकारी नौकरियां निकाली हैं। हमें रोजगार देना आता है। AAP हर परिवार की 27000 रुपये प्रतिमाह की बचत करवाएगी। केजरीवाल ने बताया कि इसमें बिजली का 3000 रुपया, शिक्षा पर 10,000 रुपया, स्वास्थ्य पर 5,000 रुपया, महिला राशि पर 3,000 और बेरोजगारी भत्ता 6000 रुपये शामिल है। केजरीवाल ने यहां भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए लोगों से दो अपील की। केजरीवाल ने कहा कि मेरी आपसे दो विनती है। पहली - दोस्तों रिश्तेदारों को WhatsApp करोगे कि मैं आप को वोट करूंगा, आप भी वोट को वोट देना। दूसरी - आप गली-मोहल्लों में जाकर 100-100 लोगों को क्कको वोट देने के लिए मनाओगे। आपने साथ दिया

तो 27 साल का BJP शासन उखड़ जाएगा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने के लिए गुजरात में समिति गठित करने के कदम पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की मंशा पर रविवार को सवाल उठाते हुए कहा कि अगर पार्टी ऐसा करना चाहती है तो इसे पूरे देश में लागू किया जाना चाहिए। केजरीवाल ने पूछा कि क्या भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार इस दिशा में कदम उठाने के लिए लोकसभा चुनाव का इंतजार कर रही है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अपने गुजरात दौरे के तीसरे दिन भावनगर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस साल के अंत में होने वाले 182-सदस्यीय विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र निर्वाचन आयोग इस सप्ताह चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है।

## यूनिफॉर्म सिविल कोड पर पहली बार बोलीं मायावती, बीजेपी को लेकर किया यह दावा



बसपा सुप्रीमो मायावती ने गुजरात और हिमाचल में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले यूनिफॉर्म सिविल कोड पर प्रतिक्रिया दी है। मायावती ने भाजपा पर निशाना साधा है। मायावती ने आरोप लगाते हुए कहा कि विवादित और विभाजनकारी मुद्दों की तरह समान नागरिक संहिता को बीजेपी चुनावी मुद्दा बना रही है। इससे प्रतीत हो रहा है कि बीजेपी की हालत ठीक नहीं है। मायावती ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि यूपी व अन्य राज्यों में भी रोजगार व विकास के बजाय बीजेपी द्वारा विवादित एवं विभाजनकारी मुद्दों की तरह समान नागरिक संहिता को चुनावी मुद्दा बनाना खास बात नहीं, किन्तु गुजरात में इसको चुनावी मुद्दा बनाने से इस आम चर्चा को बल मिलता है कि वहां बीजेपी की हालत वास्तव में ठीक नहीं है। मायावती ने कहा कि केन्द्र ने अभी हाल में स्वंय माननीय सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि यूनिफार्म सिविल कोड के मामले पर कोई निर्णय अभी न किया जाए क्योंकि इसे वह 22वें लॉ कमीशन को सौंपेगी, तो फिर गुजरात विधानसभा चुनाव में ऐसा क्या होने जा रहा है जिससे बीजेपी विचलित है व झुक रही है। कहां जा रहा चंदा?- उन्होंने कहा कि चुनाव को प्रभावित करने के लिए जनता की नजर से अज्ञात श्रोतों से प्राप्त अकूत धन का इस्तेमाल कितना उचित? ताजा आंकड़े बताते हैं कि गुजरात व हिमाचल विधानसभा आमचुनाव से पहले चुनावी बाण्ड की गुप्त फण्डिंग की मार्फत 545 करोड़ रुपये के चन्दे दिए गए हैं। यह धन कहां जा रहा है?

## बिहार के गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं ने दिया अर्घ्य, नीतीश ने अपने आवास पर की पूजा



लोक आस्था के महापर्व छठ का रंग पूरे बिहार में देखने को मिल रहा है। खरना के बाद रविवार को छठ का तीसरा दिन रहा। व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। जबकि 31 अक्टूबर को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। छठ व्रति खरना के बाद से ही 36 घंटे का निर्जला उपवास करते हैं। पटना समेत बिहार के अन्य जिलों के घाटों पर छठ व्रतियों ने डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर भगवान भास्कर की उपासना की। अर्घ्य को लेकर पटना समेत अन्य घाटों पर सरकार की तरफ से खास व्यवस्था की गई है। वहीं सीएम नीतीश कुमार ने अपने आवास पर भगवान सूर्य को जल चढ़ाया। बड़ी संख्या में घाट पर पहुंचे व्रती- अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए थोड़ी संख्या में व्रती घाट पर पहुंचे। पटना के गंगा घाटों पर व्रतियों के पहुंचने का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। दउरा लेकर छठ व्रती और उनके परिजन घाट पर छठ गीत गाते हुए गए छठ मइया की भक्ति में डूबे तेज प्रताप- राबड़ी आवास पर इस बार छठ पर्व नहीं हो रहा है। लेकिन लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव छठी मइया की भक्ति में डूबे दिखे। उन्होंने पैतृक गांव फुलवरिया में खरना का प्रसाद खाया। घाटों का निरीक्षण भी किया। खरना के बाद अर्घ्य की तैयारी- गंगा के घाटों पर काफी संख्या में व्रती पहुंचे। दीघा घाट के आसपास रहने वाली महिला व्रती पैदल ही परिवार के अन्य सदस्यों के साथ नदी के तट पर पहुंच रही थीं। घाट संख्या-88 श्रद्धालुओं के आने से पूरी तरह भर गया है। ऐसे में प्रशासन व्रतियों से अपील कर रहा है कि गेट संख्या-93 की तरफ जाएं।

# इंस्पेक्टर ने फोर्स के साथ किया मिश्रित क्षेत्र का भ्रमण,अधिनस्तो को दिए संदिग्धों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



चन्दौली - अलीनगर महिला थाना इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी ने देर रात्रि छठ के पर्व के मद्देनजर थाना क्षेत्र में पड़ने वाले पोखरा/तालाबो व अन्य संदिग्ध जगहों पर छठ के पर्व पर आनेवालों की भीड़ की सम्भावनाओं के मद्देनजर फोर्स के साथ निरीक्षण किया इस संबंध में इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी ने बताया कि हमारी प्रतिबद्धता है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा में कोई चूक न हो इसके लिए हम संदिग्धों पर कड़ी नजर रख रहे है।बता दे कि इनके सक्रियता से पूर्व के त्यौहारों को क्षेत्र में सकुशल सम्पन्न हुवा .और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रही।।आगे इंस्पेक्टर श्यामा ने कहा कि किसी भी विशेष परिस्थितियों में आप 112 डायल कर पुलिस की सहायत ले सकते है।कानून व्यवस्था बनाये रखने में आप सहयोग करे।उपद्रवियों पर सख्त कार्यवाही किया जाएगा।

# उपकेन्द्र बन्द होने से खुले मे कराया प्रसव

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती - जमुनहा श्रावस्ती स्वास्थ्य उपकेन्द्र मे ताला बन्द होने की वजह से प्रसव पीड़िता सड़क पर गिर गई। विद्यालय की रसोइयो ने पीड़िता को किनारे ले जाकर फटी चादर तानकर खुले आसमान के नीचे प्रसव कराया। तहसील जमुनहा के ग्राम पंचायत बरगदहा के मजरा घुमना निवासनी अनीता देवी( 30 ) पत्नी बाबू गर्भवती थी। दोपहर उसका पेट दर्द होने पर कम्पोजिट विद्यालय जमुनहा के बगल स्थित स्वास्थ्य उपकेन्द्र कलकलवा पहुंची। लेकिन उपकेन्द्र पर ताला बन्द होने के साथ कोई भी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद नही थी। वहीं पर अचानक महिला को तेज पेट दर्द शुरू होने पर गेट के सामने गश खाकर गिर गई। विद्यालय मे कार्य कर रही रसोइयो ने यह देखकर प्रसव पीडिता को उठाकर दीवाल के किनारे लिटाकर चादर तान दी। रसोइयो ने स्वास्थ्य विभाग को फोन पर जानकारी देने के बाद भी लगभग दो घण्टे तक कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा। दो घंटे के बाद एक एएनएम मौके पर पहुंची। लेकिन तबतक रसोइयो के सहयोग से पीड़िता ने खुले आसमान के नीचे बच्ची को जन्म दिया। सीएचसी अधीक्षक मल्हीपुर रवीन्द्र सोनकर से जानकारी लेने पर बताया की हमे उपकेन्द्र बन्द होने की जानकारी नही थी। प्रसव पीड़िता की हालत जानकर कर्मियों को भेजा गया है। साथ ही इसकी जांच की जायेगी।

# सीएमओ बताएं डेंगू के मरीज किन-किन गांव में निकल रहे हैं किन-किन गांव में दवाई का छिड़काव हो रहा है प्रकाश में उजागर करें-राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़-भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने अलीगढ़ से जवाब तलब करते हुए कहा है कि सीएमओ बताएं अलीगढ़ जनपद में किन-किन स्थानों पर दवाई का छिड़काव हो रहा है मीडिया में हवा में तीर छोड़ने से काम नहीं चलेगा अलीगढ़ जिला बहुत बड़ा है कौन से स्थान पर कितने मरीज निकल रहे हैं कहां-कहां दवाई का छिड़काव हो रहा है मीडिया में रिपोर्ट जारी करें भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि हवा में तीर छोड़ने से काम नहीं चलता है जहां-जहां भी दवाई का छिड़काव हो रहा है उस जगह का नाम उजागर करें भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि जनपद में हर गांव में दवाइयां वितरण कराएं यहां मरीज निकल रहे हैं वहां तो करा में लेकिन जहां मरीज नहीं निकल रही दवाई का छिड़काव करें उन्होंने साफ कहा है उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है इस सरकार में छिड़काव के नाम पर भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है उनसे भी बड़े नेता अलीगढ़ में मौजूद है सीएमओ को उनकी भी नजर में दवाई छिड़काव की जानकारी होनी चाहिए गांव में मरीज डेंगू के निकल रहे हैं उनके नाम भी प्रकाश में आने चाहिए डेंगू की रोकथाम के लिए हर गांव में छिड़काव दवा का होना चाहिए खांसी बुखार बदन में दर्द आंखों में जलन जैसे मरीज करीब सभी गांव में मौजूद होंगे हर गांव में दवाई का वितरण कराया जाए लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी उत्तर प्रदेश में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार है

# दो बाइक की टक्कर में तीन घायल

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती -जमुनहा बहराइच राज्य मार्ग स्थित बनगई पोखरा कुट्टी मोड़ के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अमाने सामने से जोरदार टक्कर से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के जमुनहा बाजार निवासी शिवम कुमार पुत्र राम खेलावन व राज पुत्र वकील कुमार अपने मोटरसाइकिल से देर रात्रि को बदला चौराहा जा रहे थे। और बनगई गांव निवासी रितेश कुमार पुत्र त्रिलोकी मल्हीपुर से अपने मोटर साइकिल से वापस घर आ रहे थे। जब दोनो मोटर साइकिल बनगई पोखरा कुट्टी के मोड़ पर पहुँचे वही दोनो मोटरसाइकिल में आमने सामने जोरदार टककर होने से तीनो युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगो की सूचना पर पहुँचे परिजनों ने एम्बुलेंस से समुदायिक स्वस्थ्य केंद्र मल्हीपुर में भर्ती करवाया। जहाँ पर तीनो को हालात गंभीर देखते हुए। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भिनगा को रेफर किया। और भिनगा अस्पताल मे घायलों की नाजुक हालात बनी होने से तीनो को जिला अस्पताल वहराइच को रेफर किया जहाँ पर तीनो का इलाज चल रहा है।

# किशोरी से दुष्कर्म में सिपाही को सात साल की सजा

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- एडीजे फास्ट ट्रैक प्रथम अनुपम सिंह की अदालत ने देहलीगेट थाना क्षेत्र में 20 साल पहले किशोरी से दुष्कर्म के मामले में एक सिपाही को सात साल कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 35 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

## यह है मामला

एडीजीसी कुलदीप तोमर के मुताबिक, देहलीगेट थाना क्षेत्र के एक इलाके में रहने वाले व्यक्ति ने 31 अक्टूबर 2002 को मुकदमा कराया था। इसमें कहा था कि उनकी 15 वर्षीय बेटी को उस समय देहलीगेट थाने में तैनात रहा सिपाही शशीकांत बहला-फुसलाकर ले गया है। दो लोगों ने उसे किशोरी को ले जाते हुए देखा था। बेटी साथ में एक थैला ले गई थी, जिसमें 25 हजार रुपये व जेवरात रखे थे। अगली सुबह शशीकांत ने ही पीड़ित के घर आकर जेवरात लौटाए और किशोरी के बारे में बताया। इस आधार पर पुलिस ने सिपाही के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

## साक्ष्यों के आधार पर सुनाई सजा

बाद में किशोरी ने बयानों में दुष्कर्म की बात बताई थी। इस आधार पर मुकदमे में दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई। एडीजीसी ने बताया कि सिपाही का एक दोस्त पीड़िता के घर में किराए पर रहता था। इसीलिए उसका वहां आना-जाना था। जहां उसका किशोरी से संपर्क हुआ। फिलहाल सिपाही शशीकांत रामपुर में तैनात है। इस मामले में कुल नौ गवाह कराए गए। अदालत ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर शशीकांत को सजा सुनाई है।

# शादी का झांसा देकर WhatsApp पर मंगाई अश्लील वीडियो, अब मांग रहा 50 हजार रुपये

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- अलीगढ़- क्वार्सी थाना क्षेत्र की एक शिक्षिका को शादी का झांसा देकर एक आरोपित ने अश्लील वीडियो अपने वाट्सएप नंबर पर मंगवा ली। इसके बाद दो बार में 12 हजार रुपये ले लिए। अब इंटरनेट मीडिया पक वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर 50 हजार रुपये मांग रहा है। शिक्षिका की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शिक्षिका की बनाई अश्लील वीडियो

क्वार्सी थाना क्षेत्र के एक इलाके में रहने वाली शिक्षिका ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें कहा है कि जुलाई में एक अनजान व्यक्ति ने कामन ग्रुप से उनका नंबर ले लिया और वाट्सएप चैट की। आरोप है कि दोस्ती की बात कहते हुए आएदिन काल करने लगा। आरोपित ने अपना नाम ओमेंद्र कुमार मथुरिया बताया। चूंकि आरोपित कामन ग्रुप से जुड़ा था, इसलिए शिक्षिका ने उस पर भरोसा कर लिया। कुछ समय बाद आरोपित शादी करने का दबाव बनाने लगा। शादी का झांसा देकर शिक्षिका की अश्लील वीडियो वाट्सएप पर मंगवा ली।

## लैपटाप सही कराने के नाम पर मांगे रुपये

इसके बाद लैपटाप सही कराने के नाम पर पांच हजार रुपये, जबकि दूसरी बार में अन्य खर्चों के नाम पर सात हजार रुपये ले लिए। आरोप है कि शिक्षिका को शिक्षक लोन लेने के लिए मजबूर करने लगा। मना करने पर 50 हजार रुपये मांग रहा है। साथ ही वीडियो प्रसारित करने की धमकी दे रहा है। इंस्पेक्टर पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि शिक्षिका की तहरीर के आधार पर आरोपित ओमेंद्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है।

# युवक ने महिला पुलिसकर्मी को थप्पड़ जड़ा,शांतिभंग में किया चालान

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़-बरला में आये दिन शराबियों का तांडव रहता है। बरला मोड़ पर शाम के समय पुलिस भी तैनात रहती है। बावजूद इसके शराबी अपनी हरकतों से बाज नहीं आते। आये दिन वह हंगामा करते नजर आते हैं। पुलिस का खौफ ही गायब हो गया है। आगामी क्रम में एक शराबी युवक ने सादा कपड़े में बरला बाजार से घरेलू सामान खरीद रहीं एक महिला पुलिसकर्मी के कंधे से अपना कंधा टच कर दिया। उसने इसका विरोध किया तो युवक ने महिला पुलिसकर्मी को थप्पड़ जड़ दिया। बाजार में खरीदारी कर रहीं थीं महिला पुलिस कर्मी- बरला के गांव ऊतरा का कान्हा बरला बाजार में शराब के नशे में इधर-उधर घूम रहा था। तभी एक दुकान से बरला थाने में तैनात दो महिला पुलिसकर्मी सादा कपड़ों में कुछ सामान खरीद रहीं थीं। शराबी युवक वहां पहुंच गया। आरोप है कि एक महिला पुलिसकर्मी के कंधे में अपना कंधा मार दिया। जिसपर महिला पुलिसकर्मी ने इसका विरोध किया तो युवक गाली-गलौज पर उतारू हो गया और एक महिला पुलिसकर्मी के थप्पड़ जड़ दिया। जिसपर उन्होंने थाने फोन कर फोर्स को बुला लिया। थाने से आये पुलिसकर्मियों ने युवक को दबोचकर उसकी जमकर धुनाई की और पकड़कर थाने ले आई। युवक का शांतिभंग में किया चालान पूरे कस्बे में चर्चा है कि युवक ने एक महिला पुलिसकर्मी के थप्पड़ जड़ दिया और उसके खिलाफ केवल कार्रवाई शांतिभंग में ही हुई। मीडिया पर वीडियो भी खूब वायरल हो रहा है। एसओ घनश्याम सिंह का कहना है कि थप्पड़ मारने जैसी कोई घटना नहीं हुई है।

# टीचर वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में संगठन की मजबूती पर दिया जोर



मुरादाबाद-रविवार को एससी-एसटी बेसिक टीचर वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक का आयोजन हुआ। डॉ अंबेडकर पार्क सिविल लाइंस मुरादाबाद में आयोजित बैठक में पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि सभी को मिलकर संगठन की मजबूत बनाने के साथ ही एकजुट होकर शिक्षकों व समाज की मदद को आगे आना चाहिए। जिला अध्यक्ष करन सिंह ने जनपद में संगठन मजबूत बनाने के लिए शिक्षको के बड़े सम्मेलन कराने पर बल दिया गया। जिला महामंत्री विनीत कुमार ने कहा की शिक्षक सबसे पहले मिलकर अपने स्कूलों को आदर्श बनाए। और उसमे पढ़ने वाले बच्चों को शिक्षा के द्वारा समाज की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हे काबिल बनाकर अपने पैरो पर खड़ा करे। ताकि शिक्षक का सम्मान बना रहे। बैठक में वक्ताओं ने मिलकर अपने दायित्वो के निर्वाहन का संकल्प लिया। बैठक में मण्डल अध्यक्ष श्री प्रकाश सिंह, डा. हरनन्दन प्रसाद राज्यपाल पुरुष्कर शिक्षक, विनीत कुमार सागर योगराज सिंह, प्रकाशवीर, राजकुमार, राधेश्याम, सतवीर सिंह,महिपाल सिंह, ऋषिराम, प्रवीन कुमार, डॉ. पदम सिंह, राधेकृष्ण, हरीश कुमार, जितेंद्र कुमार, मुन्नी सिंह, राजकुमार, रूप सिंह, पवन कुमार, गजराज सिंह आदि ने विचार रखे। बैठक की अध्यक्षता करन सिंह व संचालन जय प्रधान ने किया।

# कांठ में झांकियों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु भावविभोर



मुरादाबाद-मुरादाबाद के कांठ में बम बटक एकता मंच के तत्वावधान में नगर के श्रीरामलीला मैदान में शनिवार रात मां भगवती के 14वें विशाल जागरण का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, कांठ मंडलाध्यक्ष भाजपा राजपाल सिंह प्रजापति, विशिष्ट अतिथि विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश रस्तोगी, जिला सचिव दीपक अग्रवाल, संगठन मंत्री मुनीष कौशल, जिला मंत्री नितिन गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी सुनील चौहान, भाकियू तहसील अध्यक्ष जितेंद्र विश्नोई जीतू, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र सैनी, किसान मोर्चा मंडलाध्यक्ष सुनील चौहान आदि ने हिमाचल प्रदेश ज्वाला देवी मंदिर से लाई गई अखंड जोत स्थापित कर किया। शनिवार रात मंत्रोच्चार के साथ पूजन के बाद गणेश वंदना और उनकी सुंदर झांकियां निकाली गईं। जागरण में शेरा जागरण एंड पार्टी की ओर से आए टी-सीरिज गायक फिरतोष फकीरा और शुभम तिलकधारी ने मां भगवती के भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। कलाकारों ने भगवान श्री गणेश, मां काली का तांडव, देवी के नौ रूपों, 28 मुखी काली के दर्शन, मोर पंखों से राधा-कृष्ण नृत्य, सांवरे कृष्ण, श्री कृष्ण की रासलीला, शिव तांडव आदि की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की। जिन्हें देखकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। रविवार की तड़के जागरण के अंत में तारा रानी की कथा, मां दुर्गा की आरती कर कन्याओं को जिमाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। आयोजक कमेटी ने अतिथियों और सहयोगियों की देवी की मूर्ति भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बम बटक एकता मंच के अध्यक्ष देवराज सिंह, उपाध्यक्ष अरविंद कुमार, पूर्व अध्यक्ष गौरव भुइयार, उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी पंकज कुमार, रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम भुइयार, हेमंत प्रजापति, नीरज भदौरिया, अनुभव भुइयार, वासु विश्नोई, हिमांशु गोला, डॉ. राजकुमार कश्यप, विजय उर्फ सीटू चौहान, शैलेंद्र विश्नोई, ओमप्रकाश सिंह, अंकित शर्मा, यतीश ठाकुर, गणेश भुइयार, मनी भुइयार, सुमित कश्यप, वासु विश्नोई, प्रींस उर्फ निक्की भुइयार, मनोज कुमार, नितीन भुइयार, पवन भुइयार, जयवीर सिंह, आशु भुइयार, बबलू प्रजापति, सुरेश भुइयार, जितेंद्र चौहान आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता जागरण की व्यवस्था में रहे।

# कांठ में दो दिवसीय पंच कुंडीय यज्ञ संपन्न



मुरादाबाद-मुरादाबाद के कांठ क्षेत्र के गांव अन्यारी में रविवार को शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंच कुंडीय यज्ञ संपन्न हो गया। कैलाश देव इंटर कॉलेज में शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंचकुंडीय यज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुति देकर क्षेत्र व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान वक्ताओं द्वारा ब्रह्मा विष्णु, महेश एवं गो, गंगा, गायत्री के महत्व को समझाया। अंत में शांति पाठ किया गया। इसके उपरांत भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषि पाल सिंह, संचालन कर्ता विरेंद्र सिंह, संगीत टोली में प्रह्लाद शर्मा, प्रवचन कर्ता राम चरण सिंह गायत्री परिवार हरिद्वार की ओर से जबर सिंह भगत जी, जय प्रकाश शर्मा, जयराम सिंह, डॉ अशोक त्यागी, अतिवीर सिंह, मनीष त्यागी, प्रधान पति नरेंद्र त्यागी, डॉ महेश प्रजापति, मोनू कश्यप, चंद्रा देवी, पुष्पा देवी, विद्यावती, निर्मला देवी, रेखा शर्मा, मोहिता शर्मा, महेंद्री देवी, मीनू, आस्था शर्मा, शीतल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## दु:खद ग्राम प्रधान के माता का निधन,पर शोक व्यक्त किया

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बबुरी चंदौली--स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान सलेमपुर के भोलू सिंह( सूरज सिंह ) की माँ का देहान्त कुछ दिन पूर्व बीमारी के वजह से हो गया।मृत्य की जानकारी पर स्थानीय लोगों ने अपने आवास पर शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और अपने श्री चरणों में स्थान दे।इस मौके पर सिंटू सिंह, शुडू सिंह, चिंटू सिंह,कमलाकर तिवारी , संजय तिवारी,उपस्थित रहे।

## 315 बोर पिस्टल संघ अभियुक्त गिरफ्तार, इंस्पेक्टर मनोज ने किया कार्यवाही




तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद/वाराणसी- पुलिस अधीक्षक सन्तोष कुमार मिश्र के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन जनपद मीरजापुर व क्षेत्राधिकारी चुनार जनपद मीरजापुर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जाने वाले अभियान के दौरान थाना जमालपुर पुलिस द्वारा सन्दिग्ध व्यक्ति/ वाहनो की चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त से एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर तथा एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया।

इस संदर्भ में इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि बहुआर नदी पुलिया महोगनी मोड के पास एक व्यक्ति रमेश मौर्या पुत्र स्व0 मुरारी मौर्या उम्र 24 वर्ष नि0ग्राम सिकन्दरपुर थाना जमालपुर जनपद मीरजापुर के पास से एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर तथा एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध अन्तर्गत धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कर व गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम प्र0नि0 मनोज कुमार उ0नि0 रामज्ञान सिंह यादव मय टीम थाना जमालपुर रहे।।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Attack on abusive speech

The blaming of Samajwadi Party leader Azam Khan for hate speech or hate speech has a broad symbolic significance in Indian politics. One aspect of it is political, the other is social, which should be discussed in detail. Well, Azam Khan has been sentenced to three years' imprisonment as well as a fine of Rs 2,000. Azam Khan had given hate speech or provocative statement against the Chief Minister and the then District Magistrate of Rampur and a case was registered against him in April 2019. Azam Khan, a senior leader of the Akhilesh Yadav-led party, is currently an MLA from Rampur in Uttar Pradesh. After getting the punishment, his assembly membership can be lost. If this happens, it will be a lesson for other leaders. On the other hand, if people believe that Azam Khan has been sentenced because of political malice, then it can also have bad repercussions. The decision may have been taken by the court, but it is important for the government not to show any political animosity.

Azam Khan is going through a tough time. He has been in jail for months in a land grab case and in this case he will not have to go to jail immediately, he can appeal in a higher court. Anyway, punishing a leader in such cases is not an easy task. There are a large number of leaders in the country who have given provocative statements, but are roaming freely in meetings or among people. There are many hate speeches and speeches in the country, but the instances of punishment are very few. Hate has its own politics, the attitude towards crime changes with the change of power or government. Leaders who speak very sharply while in opposition also get relatively better when they come to power. The road to law is also very complicated, with many politicians already sitting on bail or relief from the courts. In fact, to a large extent, the will of the government also matters in such matters. Talking about Azam Khan, many cases are going on against him. Once he was a big leader in the power of Uttar Pradesh. Despite all the troubles, he proved in the last election that he still has a ground base. Now it is necessary that if he considers himself innocent, then fight the legal battle vigorously.

As far as law and constitution are concerned, no government should compromise with them. There are enough provisions in the law that no provocative person can roam freely, but today it is not hidden from anyone that all parties are full of such people whose hate speech is harming the basic democratic structure of the country. There is a way of expressing one's point of view, which people are forgetting. This is also one aspect that in the society, only abusive words have started attracting more attention of the people. Those who speak abusive words will start getting punishment, only then this unfair habit will be removed. Now there is also a vast area of ??social media, where restraint of language and emotion is becoming necessary day by day. The courts of the country should complete the trial in the case of hate speech with full speed, so that the society moves forward only on a positive path.

# Suhana Khan shares unseen picture with Ananya Panday, wishes on her birthday

Ananya Panday is celebrating her birthday on 30 October. She has turned 24 years old. On social media, his mother Bhavna Pandey has shared childhood photos congratulating her. Apart from him, Bollywood celebrities are also wishing him a happy birthday. How can it be such a special occasion and Ananya's best friend Suhana Khan does not wish her. Suhana has shared a cute picture with Ananya on Instagram Stories. Birthday wish to Ananya - Ananya and Suhana are wearing matching white color dress. The bonding of both can be clearly seen in the picture. Suhana is looking at the camera while Ananya closes her eyes. Suhana wrote in the caption, 'Happy birthday my elder sister. I love you very much.' Next he made an emoji of the heart. The bonding between the four is tremendous – Suhana and Ananya are childhood friends. His pictures have often been seen going viral on social media. His other friends include Shanaya Kapoor and Navya Naveli Nanda. The four are seen partying together several times. Suhana-Suhana to debut soon, two years younger than Ananya. She is going to debut in Bollywood soon. Suhana will make her debut in the film industry with Zoya Akhtar's upcoming film 'The Archies'. The shooting of the film is over. It will come to Netflix next year. Fans are very excited about the debut film of Shahrukh Khan and Gauri Khan's daughter.



# Katrina Kaif took the bat and Bhajji became clean bold after seeing the beauty, Ishaan-Siddhant did a strong fielding

The team of the film 'Phone Bhoot' arrived to cheer Team India during the match with South Africa in the ICC Men's T20 World Cup 2022. Katrina Kaif, Ishaan Khatter and Siddhant Chaturvedi played cricket with some of the legendary cricketers in the studio. Katrina Kaif, who arrived in a yellow dress, looked beautiful on this occasion and when Katrina Kaif took the bat for batting, even good bowlers became clean bowled. When Katrina hit fours and sixes - the video of Katrina Kaif playing the match has come on social media and it is being shared fiercely on fan pages. In the video, Harbhajan can be seen bowling while Katrina Kaif is seen hitting fours and sixes in the studio. Ishaan and Siddhant fielded and talked about India's performance in the World Cup so far. There is a strong buzz about the film – It was also a matter of excitement for the fans to see the stars while spending time with the cricket fans of the country and cheering Team India during the match. Talking about this horror comedy film starring Katrina Kaif, its trailer has already been released, which is constantly making headlines. There is a lot of buzz about the film but it has to be seen what amazing the film can do at the box office. When will the film Phone Bhoot be released? - The film is going to release on 4 November 2022. But before that Katrina Kaif, the world's most beautiful ghost, along with her two ghost busters, Ishaan and Siddhant Chaturvedi, is leaving no stone unturned to promote the film. Fans are also very excited about this film directed by Gurmeet Singh and written by Ravi Shankaran and Jaswinder Singh Bath.



# स्नेह मिलन कार्यक्रम में महामहिम ने ताजा की पुरानी याद

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- स्नेह मिलन कार्यक्रम में महामहिम ने ताजा की पुरानी यादें। महाराष्ट्र के राज्यपाल व उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी एटा जनपद के राजा का रामपुर में मां शांति देवी मैमोरियल फाऊंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए तथा अलीगंज में नवीन तहसील परिसर में 100 फुटे तिरंगे को फहराया तथा पुराने संस्मरण को याद करते हुए कहा कि मैंने एक शिक्षक के रुप में अपना एक वर्ष का कार्य काल बिताया मैं आज भी यहां के निवासियों के स्नेह से अविभूत हूं। कासगंज में सूरज प्रसाद डागा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के सभागार में आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम के दौरान 1966 से 1976 तक सरस्वती विद्या मंदिर में प्रधानाचार्य के रूप में बिताए पलों को याद करते हुए महामहिम यहां के लोगों से मिले स्नेह के कारण थोड़ा भावुक भी हो गये उन्होंने इस अवसर पर केन्द्रीय भाजपा सरकार और योगी सरकार के कार्यों की सराहना की , हैलीपेड पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक बी बी जीटी एस मूर्ति द्वारा महामहिम राज्यपाल का स्वागत किया गया तथा गार्ड ऑफ आनर दिया गया। उनके कार्यकाल में सरस्वती विद्या मंदिर के प्रबंधक रहे उमा शंकर शर्मा व संतोष माहेश्वरी ने उनका अभिनंदन किया।



# खाद केंद्रों पर छापामारी दो लाइसेंस किए निलंबित

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- शासनादेश के अनुसार जिले में गुवत्ता युक्त खाद बिक्री को लेकर शनिवार को कृषि अधिकारियों ने कुल 14 फर्टिलाइजर की दुकानों पर छापामार कार्रवाई की। जिसमें दो दुकानों के लाइसेंस निलंबित एवं चार को नोटिस दिए गए। शुक्रवार को जिला कृषि अधिकारी डॉ. मनवीर सिंह ने अलीगंज क्षेत्र के कस्बा राजा का रामपुर एवं जैथरा में कुल पांच फर्टिलाइजर की दुकानों एवं गोदामों पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान सभी दुकानों से खाद के नमूने लिए गए। वहीं खाद स्टॉक रजिस्टर, स्टॉक बोर्ड एवं रेट बोर्ड को देखा गया। कार्रवाई के दौरान कस्बा राजा का रामपुर स्थित हिमांशू खाद भंडार पर स्टॉक रजिस्टर, बोर्ड के अलावा किसानों को बिल देने संबंधी कागजात नहीं मिले। इसके कारण इस दुकान के लाइसेंस को निलंबित कर दिया गया। इसके साथ ही जैथरा स्थित किसान ट्रेडर्स पर भी स्टॉक संबंधी दस्तावेज न मिलने से इस दुकान का लाइसेंस भी निलंबित किया गया। कार्रवाई के दौरान जिला कृषि अधिकारी ने चार को नोटिस भी थमाए। इसके अलावा उप कृषि निदेशक रोताश कुमार ने कुल नौ दुकानों पर खाद के सैंपल लिए। कार्रवाई के दौरान उर्वकर प्रभारी अमित बालियान मौजूद रहे।

- खाद केंद्रों पर छापामारी दो लाइसेंस किए निलंबित
- 14 दुकानों पर लिए गए खाद के सैंपल
- चार दुकानदारों को नोटिस जारी किए

## मायके में रह रही महिला का शव पेड़ पर लटका मिला

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा। मायके में रह रही महिला का शव पेड़ पर लटका मिला। शव मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना का कारण पता लगाने में पुलिस जुट गई है। जैथरा संवाददाता के अनुसार, थाना जैथरा के गांव फगनौल निवासी रामबेटी (50) पुत्री देशराज सिंह की शादी 30 साल पहले महाराज सिंह निवासी गुलरिया अमांपुर कासगंज के साथ हुई थी। पांच साल बाद ही रामबेटी मायके फगनौल में आकर रहने लगी थी। शनिवार दोपहर को रामबेटी घर से निकली थी। उसके बाद से घर नहीं लौटी थी। शनिवार की देर शाम गांव बिछंद में उसका शव पेड़ पर लटका मिला। ग्रामीणों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी।

# सिर्फ मिट्टी गिट्टी डालकर भर दिये गड्डे,डावर का नामोनिसान गायब

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क के गड्ढों को भरने के लिए निर्देश दिए थे। एटा में मुख्यमंत्री के आदेश का पालन शुरू हो गया। गड्ढे भर भी दिए गए। एक गड्ढा एक दिन भी भरा नहीं रह सका। अब सिर्फ काली और लाल गिट्टी ही दिखाई दे रही है। डामर तो दिखाई ही नहीं दे रही है। बरसात के बाद सड़कों को गड्ढामुक्त करने के आदेश दिए थे।

काम भी शुरू कर दिया गया। शनिवार को जीटी रोड का हाल देखा। दीनदयाल उपाध्याय चौक से चौथेमील की ओर आगे बढ़े। एटा क्लब के सामने गड्ढे भरे हुए थे। गिट्टी भी पड़ी थी। कुछ गड्ढों में काली गिट्टी दिख रही थी तो कुछ में लाल। गिट्टी के ऊपर डामर नाममात्र का ही दिख रहा था। सड़क पर गिट्टी बिछी हुई है। इससे वाहनों के फिसलने का डर बना हुआ है। अगर किसी ने हल्की सी भी ब्रेक यहां पर लगाई तो वाहन से फिसल जाएगा। क्लब के आगे पुलिया के नीचे बड़े से गड्ढे में सिर्फ लाल रंग की गिट्टी डालकर छोड़ दी गई है। रेलवे रोड का हाल देखा। यहां भी गड्ढों में लाल गिट्टी दिख रही थी। ऐसा लग रहा है कि यहां पर सिर्फ गिट्टी ही डालकर छोड़ दी गई है। बरसात के समय में पानी भर गया था तो इन्हीं गड्ढों में ई रिक्शा पलटकर गिर रहे थे। मारहरा क्षेत्र की सड़कों की ओर तो अभी अधिकारियों की नजरें पहुंची ही नहीं हैं। न तो गिट्टी पड़ी है न ही मिट्टी। अभी लोग टूटी सड़कों पर ही वाहनों को दौड़ाने के लिए मजबूर हैं। ऐसा नहीं है कि स्थानीय लोगों को इस बारे में परेशानी नहीं है। स्थानीय अधिकारियों को बताते भी हैं। इसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अधिकारियों ने यहां के लिए कोई योजना बनाई ही नहीं है। 15 नवंबर को समय पूरा होने में अभी 17 दिन शेष है। बसुंधरा में लाल गिट्टी डालकर भूल गया विभाग एटा-आगरा रोड स्थित बसुंधरा में सड़क का बुरा हाल है। यहां पर आठ दिन पहले सड़क पर लाल रंग की मोटी गिट्टी डाल दी गई थी। इसको न तो समतल किया न ही कोई डामर डालने के लिए आया। वाहनों के चलने से यह गिट्टी अब पूरी सड़क पर फैल गई है। दिखाने के लिए यह गड्ढे भर दिए गए हैं, अभी जो हालात है यह गड्ढों से अधिक खतरनाक है। गिट्टी के बीच दोपहिया वाहनों का चलना बहुत ही कठिन है। जब तेज रफ्तार से बड़े वाहन निकलते हैं तो यह गिट्टी इधर-उधर उछलकर लगती है। कब किसके कहां लग जाए कुछ भी नहीं कहां जा सकता। जीटी रोड की खुदाई होनी है। इसलिए यहां पर ऐसे ही भरवा दिए गए थे। रेलवे रोड के गड्ढों को शीघ्र ही सही कराया जाएगा। सतीश कुमार, एक्सईएन लोक निर्माण, बसुंधरा में काम शुरू करा दिया गया। अवागढ़ में भी मशीन लगा दी गई है। शीघ्र ही काम पूरा किया जाएगा। मुजाहिद अख्तर, एक्सईएन लोक निर्माण विभाग खंड प्रथम

## ढ़ाई लाख से अधिक जनधन खाता बंद

निशाकांत शर्मा -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- पैसों की बचत करने के लिए खोले गए जनधन खाते नहीं चल पा रहे। वर्ष 2014 से 2017 के बीच जीरों बैलेंस पर छह लाख से ज्यादा जनधन खाते खोले गए थे। इनमें से ढ़ाई लाख से अधिक खाताधारकों ने खातों में किसी प्रकार का कोई लेनदेन नहीं किया। इस कारण बगैर लेनदेन वाले सभी जनधन खातों को बंद कर दिया गया। शनिवार को जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर वर्ष 2014 से 2017 के बीच जनपद की सभी 132 राष्ट्रीयकृत, क्षेत्रीय ग्रामीण, सहकारी बैंक शाखाओं में छह लाख 91 हजार 569 जीरों बैलेंस पर जनधन खाते खोले गए। इनमे से दो लाख 52 हजार 785 जनधन खातों में एक बार भी लेनदेन नहीं किया। इस कारण बगैर लेनदेन वाले खातों को शासनादेश के अनुसार बंद कर दिया गया है। जनपद की सभी बैंक शाखाओं में चार लाख 38 हजार 784 जनधन खाते सक्रिय हैं। जिले में है इतनी बैंक शाखाएं राष्ट्रीयकृत बैंक शाखाएं 66, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखाएं 46, प्राइवेट बैंक शाखाएं 08, सहकारी बैंक शाखाएं 20 हैं। शहर में हैं इन बैंकों की शाखाएं कैनरा बैंक व एसबीआई की 5-5 शाखाएं, ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावर्त की 4 शाखाएं, सेंट्रल बैंक की 3 शाखाएं, पीएनबी व बैंक ऑफ बड़ौदा की 2-2 शाखाएं हैं। वहीं बैक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, यूको बैंक, बैक ऑफ महाराष्ट्र, पंजाब एवं सिंध बैक की एक-एक शाखाएं हैं। इसी प्रकार शहर में प्राइवेट बैंक आईडीबीआई, एक्सिज, आईसीआईसीआई एवं एचडीएफसी बैंक की एक-एक शाखाएं हैं कोराना काल से पहले कभी बचत नहीं की। कोरोना के समय में जब व्यापार प्रभावित हुए तब लगा कि पैसे बचत बहुत जरुरी है। उसी समय से हर महीने बचत करना शुरू कर दिया। हर किसी को अपनी क्षमता के हिसाब से बचत करनी चाहिए। इससे जरुरत पढ़ने पर पैसा काम आ सके।

# रन फॉर यूनिटी में दौड़े बच्चे, युवा व पुलिस अफसर, थाना रामानुजनगर पुलिस ने कराया आयोजन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-एकता दौड़ में बच्चे व युवाओं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देशन में जिले की पुलिस के द्वारा पुलिस झंडा दिवस और राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत 21 से 31 अक्टूबर तक कई आयोजन किए जा रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में रविवार को थाना रामानुजनगर पुलिस ने एकता दौड़ का आयोजन किया जिसमें बच्चे एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर उत्साह के साथ हिस्सा लिया। एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी द्वारा भारत के लौह पुरुष के नाम से विख्यात सरदार बल्लभ भाई पटेल की जंयती राष्ट्रीय एकता दिवस के पूर्व एकता दौड़ ( रन फॉर युनिटी ) प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम में नगर के बच्चे, युवाओं और रामानुजनगर पुलिस के जवानों द्वारा बढ़-चढकर उत्साह के साथ शामिल हुए। एसडीओपी द्वारा प्रतिभागियों में जोश का संचार करने के लिए भारत माता की जय, वन्दे मातरम का जयकारा लगाते हुए रामानुजनगर हाईस्कूल ग्राउण्ड से हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रारंभ कराया और स्वयं भी दौड़ में सम्मिलित होकर उत्साहवर्धन करते हुए प्रतिभागियों के साथ दौड़ पूरी की, सभी के लिए फिटनेस प्रेरक बने। एकता दौड़ सुभाष चौक, चांदनी एवं पिउरी चौक होते हुए समापन हाईस्कूल ग्राउण्ड में किया गया। प्रशिक्षु डीएसपी दीपमाला कुर्रे ने सरदार बल्लभ भाई पटेल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए देश की आजादी के लिए उनके कड़े संघर्ष और देश को एकता के सूत्र में बांधने के लिए उनके योगदान को याद किया, उपस्थित युवाओं और पुलिस जवानों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए कहा। कार्यक्रम समापन पर दौड़ में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को अधिकारियों ने बधाई दी और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर प्रेरणादायी शब्दों से उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान एसडीएम रामानुजनगर उत्तम रजक, थाना प्रभारी रामानुजनगर विपिन लकड़ा, एसआई मनी प्रसाद राजवाड़े, पीटीआई दिलीप शर्मा, शिक्षक बिहारी साहू सहित पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी व नगर के बच्चे व युवा मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने थाना चंदौरा का वार्षिक निरीक्षण कर कमियों को दुरूस्त करने के निर्देश दिये

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- रविवार को पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू थाना चंदौरा के वार्षिक निरीक्षण में पहुंचे। जवानों के परेड का निरीक्षण किया। जवानों की वेशभूषा चेक कर उत्तम वेशभूषा पाये जाने वाले जवानों को पुरस्कृत किया। वेशभूषा साफ सुथरा नहीं पाये जाने पर चेतावनी भी दी। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली। वही इस दौरान थाने में दर्ज विभिन्न मामले के विवेचकों से प्रकरण लंबित होने का कारण पूछ जल्द निकाल करने, अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने अपराध के ग्राफ को भी देखा। न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने, हत्या और अन्य मामलों में शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया। उन्होंने थाना का रिकार्ड, रोजनामचा, जरायमों, अपराधिक मामलों की समीक्षा, लंबित शिकायतों आदि की समीक्षा कर दस्तावेजों को खंगाला। साथ ही बंदूक लाइसेंस, पेंशनदार, आर्म्स की भी बारीकी से जांच की। लंबित शिकायत, लंबित अपराधों व लंबित मर्ग को भी तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। थाना परिसर तथा कार्यालय कक्षों का निरीक्षण कर वहां रखी सामग्रियों को देखा व साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। इस दौरान सभी दस्तावेज व थाना में अन्य सामानों का रखरखाव दुरूस्त पाया गया। पुलिस अधीक्षक ने थाना के निरीक्षण को संतोषजनक माना। कुछ कमियों को तत्काल पूरा करने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने थाना चंदौरा व चौकी रेवटी के जवानों से रूबरू होकर उनके समस्याओं के बारे में पूछा, सभी जवानों को सतर्कता व सजगतापूर्वक ड्यूटी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह, स्टेनो अखिलेश सिंह, थाना प्रभारी चंदौरा शिवकुमार खुटे, चौकी प्रभारी रेवटी सुनील सिंह व थाना चंदौरा व चौकी रेवटी के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम जेपरा में दिवाली का पर्व बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- गोवर्धन पूजा पर जेपरा में विविध कार्यक्रम का आयोजन सुरही पाठ ग्राम उत्थान समिति ने किया एवं मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर , जिला पंचायत कांकेर के अध्यक्ष हेमंत ध्रुव उपस्थित हुए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम जेपरा में दिवाली का पर्व बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जेपरा को शिक्षा के केंद्र के साथ सामाजिक समरसता और अधिकारी- कर्मचारियों के गांव के नाम से जाना जाता है जहाँ पर स्थानीय पंचायत बॉडी के साथ मिलकर सुरही पाठ ग्राम उत्थान समिति ग्राम के चहुमुंखी विकास की दिशा में लगातार काम कर रही है और आसपास के गांव जेपरा को एक आदर्श गांव के रूप में देख कर प्रेरणा ले रहे हैं।दीपावली त्यौहार में गांव से बाहर रहने वाले अधिकारी/कर्मचारी गांव आते है और सभी एक साथ मिलकर भाई चारे के साथ त्यौहार को मनाते है । जेपरा में इस वर्ष गांव के ऐतिहासिक जीर्ण क्षीर्ण हो चुके भवन जो 1958 में निर्मित था भवन का जीर्णोद्धार बाद शिक्षाविद स्व पी के राय बाबू स्मृति भवन के रूप में नामकरण कर लोकार्पण किया गया। लगातार 10-15वर्षों से सहड़ा चौक में गोवर्धन पूजा एवं राउत नाचा के साथ आतिशबाजी की परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी भव्य आतिशबाजी किया गया । राजीव युवा मितान क्लब जेपरा के युवाओं द्वारा संस्कृति विभाग के सहयोग से लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम %राग-अनुराग कार्यक्रम का आयोजन बाजार चौक में किया गया जिसमें लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम के संचालक और छत्तीसगढ़ी कॉमेडियन हेमलाल कौशल द्वारा और उनके लोक कलाकारों द्वारा मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। आक्सीजोन स्थित शिवलिंग में मानस मंडली जेपरा के द्वारा ग्रहण पश्चात मानस गान का कार्यक्रम कर भगवान ? जेपरेश्वर महादेव से सभी के खुशहाली की कामना की गई। यमुना निर्मलकर सरपंच ग्राम पंचायत कुरुभाट , संजय उइके सरपंच ग्राम पंचायत हल्बा , चौकी प्रभारी हल्बा , मुकेश संचेती नरहपुर से ,राजेन्द्र सलाम पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष एवं अध्यक्ष कालेज संघर्ष समिति जेपरा , भूषण शर्मा प्राचार्य शास उ मा विद्यालय जेपरा , श्री नारद कांगे अध्यक्ष ग्राम उत्थान समिति , श्री दीपक राय काय.अध्यक्ष ग्राम उत्थान समिति , समिति के संरक्षक राधेश्याम नेताम , मार्गदर्शक महेश घरत , नारायण कोमरा , रमेश रायस्त , गणेश तिवारी , युधिष्ठिर गंगासागर , बसंत साहू रामकुमार रायस्त , जागेश्वर मेश्राम , जितेंद्र मेश्राम , उपाध्यक्ष लीला दास दुबे , व्ही के साहू , समन्वयक गणेश कांगे , रवि शंकर नागे , कोमल सिन्हा , गिरधारी सौंदर्य ,महासचिव भूपेंद्र नागे ,कोषाध्यक्ष उमेश सोनवानी कार्यकारिणी सदस्य मनोहर साबे ,देव कुमार ध्रुव , खेदुराम सेन , जागेश्वर मेश्राम , बिसोबाई ठाकुर , कन्हैया घरत , वाकेश जैन , दुर्गेश नागे पटेल सदस्य गण खेम गंगासागर , छबि धनेलिया ,हरि सौंदर्य , भुनेश्वर कांगे , लोकेश कांगे , टिकेंद्र साहू ,विनोद ठाकुर भूपेश ठाकुर सह सचिव दिलदार मरकाम , आई टी प्रभारी रोशन सार्वा , प्रवक्ता मोहन सिन्हा , चिंता गंगबेर , गोठान समिति के अध्यक्ष चित्रकान्त सिन्हा , उपसरपंच गोविंद मंडावी ,पंच श्री राजेश सौंदर्य , युवा मितान क्लब के अध्यक्ष सोनू देवेंद्र साबे , सचिव देवेश निर्मलकर सहित टेंट वाले मुन्ना रोहित जैन , मंच निर्माण करने वाले रामलाल निषाद , मोनू रोहित साबे , मोनू पंकज सिन्हा टहकापार से कामता साहू , रिकेश्वर हिरवानी उपस्थित रहे और इन सभी भागीदारी रही। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं समिति के मार्गदर्शक हरवंश मिरी के अध्यक्षीय और स्वागत उदबोधन से हुआ और उनके द्वारा ग्राम उत्थान समिति द्वारा किये जा रहे कार्य के बारे में विस्तृत बताते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिरेश ठाकुर उपाध्यक्ष बस्तर विकास प्राधिकरण से गांव में कोई भी सांस्कृतिक मंच और स्वगत गेट नही होने से बस्तर विकास प्राधिकरण से मांग रखा गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हेमंत ध्रुव एवं मुख्य अतिथि बिरेश ठाकुर द्वारा अपने अपने अपने उद्बोधन में गांव की एकता और समरसता के साथ पंचायत बीके साथ ग्राम उत्थान समिति द्वारा किये जा रहे कार्य की प्रशंसा कर मांग कनहर संभव पूर्ण करने हेतु आश्वस्त किया गया। कार्यक्रम को राजेन्द सलाम , जनपद सदस्या श्रीमती सुरुचि सिन्हा और आजीवन संरक्षक लखन लाल रायस्त ने भी संबोधित किए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहित समस्त अतिथियों को समिति द्वारा मया चिन्हारी के रूप में प्रतीक चिन्ह सहित साल श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया गया। आभार प्रदर्शन समिति के अध्यक्ष नारद कांगे द्वारा किया गया एवं मंच का संचालन कोमल सिन्हा , वाकेश जैन और वही के साहू द्वारा किया गया।